# वांछित गैंगस्टर हुआ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे सोमवार को अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने गिरोहबंद व समाज विरोधी अपराध में शामिल गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अपराधी बब्लू उर्फ श्याम भवन पुत्र गंगाराम निवासी केशवापुर गोपालपुर थाना नवीन माडर्न श्रावस्ती को चिचड़ी मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर अपराधी को न्यायालय के लिए रवाना किया गया।

# 154 वाहनों का मोटरवाहन अधिनियम में हुआ चालान

श्रावस्ती 5 मई (भि0टा0सं0)। जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल '27' व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंदी हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियर चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान '154 वाहनों' का मोटर वाहन अधिनियम से ई–चालान कर 'रू0 1,76,500 का शमन' किया गया।